Gram : UNIVERSITY
E-mail: registrarcsjmuknp@gmail.com, csjmuaffiliation@gmail.com

☎: 0512-2580044
☎: 0512-2582251

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Kanpur University, Kanpur)
Kalyanpur, Kanpur-208024
कल्यानपुर, कानपुर–208024

सन्दर्भ सं०: सी.एस.जे.एम.वि.वि./प्रवेश/ 618 /2022

दिनांक: 31/05/2022

कार्यालय–आदेश

एतद्द्वारा प्रवेश समिति की बैठक दिनांकः 18.05.2022 में समिति के निर्णयानुसार शैक्षणिक सत्र 2022–23 में एम0एड0 पाठ्यक्रम (विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालय में संचालित) में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से एवं बी0पी0एड0, एम0पी0एड0 पाठ्यक्रमों में गत वर्ष की भांति प्रवेश लिये जाने है एवं विदित है कि बी0एड0 पाठ्यक्रम में संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2022–2024 के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न की जानी है।

इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय के पत्र संख्याः सी.एस.जे.एम.वि.वि./सम्ब./1134/2022 दिनांकः 12.05.2022 जो कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिसर नई दिल्ली द्वारा निर्गत पब्लिक नोटिस संख्याः F.NCTE-Reg1012/12/2021-Reg-Sec-HQ. दिनांकः 03.05.2022 (राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिसर की बैठक दिनांकः 27.04.2022) से सम्बन्धित है एवं जिसके द्वारा ऐसे संस्थानों/महाविद्यालयों को जिन्होनें एन.सी.टी.ई. की वेबसाइट पर PAR (Performance Appraisal Report) अपलोड नहीं किया गया है, उन संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2022–23 के नवीन प्रवेश शून्य घोषित किये जाने का निर्णय लिया गया है, के क्रम में समस्त बी0एड0, एम0एड0, बी0पी0एड0 एवं एम0पी0एड0 पाठ्यक्रम संचालित महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है, कि वे एन.सी.टी.ई. के समक्ष प्रस्तुत PAR (Performance Appraisal Report) की एक प्रमाणित प्रति एवं इस आशय का एक शपथ पत्र कि सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा एन.सी.टी.ई. की वेबसाइट पर PAR (Performance Appraisal Report) अपलोड कर दिया गया है, तीन कार्यदिवसों में अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराये, जिससे उक्त पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2022–23 में प्रवेश हेतु सम्बन्धित महाविद्यालयों को सम्मिलित किया जा सके, अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण उत्तरदायित्व महाविद्यालय का होगा।

भवदीय,

डॉ०(अनिल कुमार यादव)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रबन्धक/प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय (बी0एड0, एम0एड0, बी0पी0एड0 एवं एम0पी0एड0 पाठ्यक्रम संचालित)।
2. डॉ0 रश्मि गोरे, समन्वयक प्रवेश परीक्षा, शिक्षा विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर।
3. प्रभारी, पी.एम.यू. सेल को इस आशय से कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने एवं उक्त के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. डीन एकेडिमक/डीन प्रशासन, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर।
5. सम्बन्धित को इस आशय से प्रेषित है कि उक्त पत्र को विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय के कॉलेज लॉगिन पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. निजी सचिव, कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
7. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव।
8. सहायक कुलसचिव (सम्बद्धन)।
9. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

Scanned with CamSca